पावर सिस्टम कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड

केन्द्रीय कार्यालय, मानव संसाधन विभाग

सन्दर्भ संख्या : के.का./पोसोको/2014/हिन्दी कार्यशाला **दिनांक 23 मई 2014**

हिन्दी कार्यशाला का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 23.5.2014 को प्रात: 11.30 बजे हिन्दी कार्यशाला का आयोजन पोसोको के प्रथम तल स्थित टुलिप सम्मेलन कक्ष में किया गया जिसमे पोसोको कार्यालय के 15 कर्मचारियों ने बडे उत्साह से भाग लिया ।(कार्यशाला में भाग लेने वाले कामिकों की सूची सलग्न है)

1.0 "राजभाषा हिन्दी में कार्य कैसे करें" विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करने के लिये मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पोसोको) से 08 मई 2014 को अनुमोदन प्राप्त किया गया और इसमें व्याख्यान देने के लिये डाक्टर आर सी शर्मा, संयुक्त निदेशक, विद्युत मंत्रालय को आमंत्रित किया गया ।

2.0 मुख्य प्रबन्धक (मानव संसाधन) ने सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) और बाह्य संकाय डाक्टर आर सी शर्मा का हिन्दी कार्यशाला में हार्दिक अभिनन्दन किया और सभी कार्मिकों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया |

3.0 मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) ने डा शर्मा का पोसोको कार्यालय में पधारने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि राजभाषा हिन्दी में कार्य करने को मात्र औपचारिकता की तरह न करके आनंद से और कुछ लाभ प्राप्त करने की तरह किया जाए तो हम राजभाषा हिन्दी में अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं | अपने वक्तव्य में उन्होने कहा कि राजभाषा हिन्दी हमारी मातृ भाषा है और हमें सिर्फ इच्छा शक्ति को दृड करके कार्यालय में राजभाषा हिन्दी में कार्य करने की आवश्यकता है |

4.0 डाक्टर शर्मा ने अपने व्याख्यान के प्रारम्भ में पोसोको कार्यालय में राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे नवीन कार्यों की दिल खोल कर प्रशंसा की और कहा कि उतम भाषा वो ही हो सकती है जो अपने भीतर संस्कार व आदर की भावना से पूर्ण होकर और जिसमें भारतवर्ष की संस्कृति की झलक दिखाई देती हो |

5.0 राजभाषा हिन्दी को आगे बढाने के लिए सकारात्मक सोच का होना बहुत जरूरी है | सरकारी काम काज में किसी भी भाषा के आसान शब्द को कलम के सहारे कागज पर ले आना ही हिन्दी को बढ़ावा देने के समान है | राजभाषा हिन्दी पूर्णत: वैज्ञानिक भाषा है व 11 स्वरों व व्यंजनों के बारे में भी बताया |

6.0 डाक्टर शर्मा ने अपने व्याख्यान में कहा कि कार्यालीन काम करते हुए कार्मिक गलतियों के बारे में ज्यादा न सोचते हुए कार्य करें, गलतियाँ धीरे धीरे अपने आप खत्म हो जाएंगी और राजभाषा हिन्दी में कार्य करने में पारंगता आती जाएगी | अंत में डाक्टर शर्मा को अपना व्याख्यान पोसोको कार्यालय में आकर देने हेतु मानदेय का चेक धन्यवाद सहित मुख्य प्रबन्धक (मानव संसाधन) ने भेंट किया ।

7.0 अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)
कार्यपालक सचिव(मा.सं)

मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन)

कार्यपालक निदेशक (रा.भा.प्रे.के.)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको)

हिंदी कार्यशाला दिनांक 23.05.2014 नामित अधिकारियों/कार्मिकों की सूची

क्रमांक संख्या	कार्मिक का नाम	पदनाम	हस्ताक्षर
1.	अशोक कु मारवाह	मुख्य प्रबन्धक	
2.	आर के मालिक	मुख्य प्रबन्धक	
3.	अमनदीप सिंह	उप प्रबन्धक	
4.	शैलेंद्र कुमार वर्मा	व. अभियंता	
5.	संजीव सिंह	व. अभियंता	
6.	बिंदिया जैन	व. कार्मिक अधिकारी	
7.	मोहित गुप्ता	व. अभियंता	
8.	झूमा दास	व.अभियंता	
9.	वंदिता शर्मा	अभियंता	
10.	गौरव वर्मा	अभियंता	
11.	अनिल मेहता	नोडल अधिकारी (राजभाषा)	
12.	संजय धवन	राजभाषा अधिकारी(रा)	
13.	लक्ष्मी नारायण बरनवाल	अभियंता	
14.	अक्षय सरीन	प्रशिक्षु	
15.	श्वेता		